# तुला राशि फल वर्ष २०२६

**तुला राशि :** वर्षारम्भ से वर्ष के अन्त तक शनि के मीन राशि से गोचर में धन, धान्य, समृद्धि रहेगी। परिवार तथा दाम्पत्य जीवन में सुख रहेगा। विरोधी परास्त होगे। भूमि भवन का लाभ मिलेगा। इसके विपरीत वर्षारम्भ से 01 जून तक गुरु गोचर में विचारशीलता अवगुण बनेगी। धनागम गिरेगा। आर्थिक हानि होगी। दाम्पत्य एवं पारिवारिक जीवन में विवाद होगे। सन्तान के विषय में चिन्ता बनेगी। पद प्रतिष्ठा गिरेगी। स्थाई सम्पत्ति लेने में विलम्ब होगा। 02 जून से गुरु के कर्क से गोचर में भाग्योन्नति का सुख रहेगा। पदोन्नति होगी। व्यापार व्यवसाय से लाभ मिलेगा। प्रभावशाली व्यक्तियों के सम्पर्क में आयेंगे। चुनावो में सफलता मिलेगी। निरुद्यमता समाप्त होगी। भू सम्पत्ति के विवाद समाप्त होगे। सन्तान की प्रगति होगी। 31 अक्तूबर गुरु के सिंह से गोचर में वैवाहिक सम्बन्ध बनते बनते रह जायेंगे। सट्टा, शेयर्स में हानि होगी। इण्टरव्यूज तथा परीक्षाओं में अपयश मिलेगा। मन खिन्न रहेगा। मनोबल बगिरेगा।। अधिकारो में कमी आयेगी। डिमोशन की स्थिति बनेगी।

**जनवरी :** धैर्य पूर्वक कार्य करने पर सफलता मिलेगी अन्यथा असफलता का मुंह देखना पड़ेगा। महिलावर्ग से हानि होगी। प्रेमी युगलो के लिये समय अनुकूल नही है। पुराने मित्रो तथा सहयोगियो के सम्पर्क में आयेगे। भाग्योन्नति में अवरोध से मन में उल्लास, उमंग तथा प्रसन्नता का अभाव रहेगा। 16 जनवरी से मान-सम्मान, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। विधि सम्मत कार्य सम्पन्न करने में रुचि बनेगी। स्थान परिवर्तन स्थगित होगा। पारिवारिक समस्याओ का समाधान होगा। आत्मविश्वास आयेगा। रोगो से छुटकारा मिलेगा।

शुभ दिन : 02, 04, 18, 25, 29, 31

अशुभ दिन : 06, 08, 11, 13, 16, 21, 23, 27,

**फरवरी :** स्वयं तथा सन्तान का स्वास्थय विपरीत रुप से प्रभावित होगा। अधिकारियो से वाद विवाद होगे। व्यक्तित्व ह्रास से स्वभाव में दीनता आयेगी। 13 फरवरी से अपव्यय होगा। भ्रम की स्थिति से शारीरिक तथा मानसिक शक्ति गिरेगी। मित्रो एवं हितेषियो से असुविधा होगा। वरिष्ठो - अधिकारियो से मतभेद होगा। व्यक्तितत्व में ह्रास से दीनता आयेगी. यात्राओ में दुर्घटना का भय बनेगा। 23 फरवरी से अनुचित इच्छाओ तथा आंकाक्षाओ के विचार बनेगे। अवैधानिक तथा असामाजिक कार्यो में रुचि होगी। मन में व्यग्रता रहेगी।

शुभ दिन : 15, 21, 26, 28

VYAS PANCHANG

अशुभ दिन : 02, 05, 07, 10, 12, 17, 19,23,

**मार्च:** वाद विवाद में अपनी शर्तो पर समझोता करेगे। सहयोगियो तथा साझेदारो से का सपोर्ट रहेगा। वैचारिक साम्यता रहेगी। सन्तान के कार्यो से प्रतिष्ठा मिलेगी।यात्राओ में दुर्घटना अथवा किसी विपत्ति से बचाव होगा। 15 मार्च से कार्यो में अपेक्षित सफलता नही मिलेगी। सुख समृद्धि की हानि होगी। धन-धान्य में कमी आयेगी। रोग ग्रस्त होगे। विराधी मुखर होगे। प्रशासनिक प्रताड़ना मिलेगी। मान, पद प्रतिष्ठा की हानि होगी। मानसिक अशांति रहेगी।

शुभ : 14, 25,

अशुभ : 02, 04, 06, 09, 11, 16, 18, 21, 23, 29, 31

**अप्रैल:** रोगो से छुटकारा मिलेगा। कार्यो में सफलता से मन प्रसन्न रहेगा। कोर्ट कचहरी के मामलो में सफलता मिलेगी। विरोधियो पर प्रभाव स्थापित करने में सफल होगे। विवादो का अन्त होगा। मान-प्रतिष्ठा कढ़ेगी। आय के नवीन साधन बनेगे। बहुमूल्य धातु कय करेगे। 14 अप्रैल से जीवन साथी से मतभेद एवं विवाद होगे। थका देने वाली यात्राये होगी। अपच, उदर विकार तथा कब्ज आदि से पीड़ित होगे। धन, मान हानि होगी। व्यवसायिक बाधाओ का सामना करना पड़ेगा। अपेक्षित सफलता न मिलने से मन में निराशा आयेगी। सन्तान रोग ग्रस्त होगी।

शुभ : 10, 21, 23,

अशुभ : 03, 05, 08, 13, 15, 17, 19, 25, 28, 30

मई : अपव्यय होगा, सुखोपभोग में कमी आयेगी। परिवार से मनोमालिन्य रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थय में गिरावट आयेगी। भाई से विग्रह तथा सन्तान से वैचारिक मतभेद से नपुंसक कोध जन्मेगा। नेत्र तथा उदर रोगो से पीड़ा होगी। पूर्व कृत कार्यो - विशेषकर गलत कार्यो का परिणाम आने लगेगा। विरोधियो से झगड़ा होगा। कफजन्य बीमारियो से पीड़ित होगे। प्रशासनिक भय रहेगा। राजकीय दंड़ का भुगतान करना होगा। दाम्पत्य सुख में कमी रहेगी।

VYAS PANCHANG

शुभ : 08, 14, 18, 20,

अशुभ : 03, 05, 10, 12, 16, 23, 25, 27, 30

जून: कार्य सम्पन्नता के लिये किये गये प्रयत्नो में सफलता प्राप्ति से मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मिथ्या आरोपो से छुटकारा मिलेगा। प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। स्वास्थय सुधरेगा। मानसिक शंाति मिलेगी।

अकारण भय का निवारण होगा। किसी प्रियजन से सम्पर्क होगा। वरिष्ठो मित्रो तथा सहोदरो का सहयोग प्राप्त होगा। धन लाभ होगा। 20 जून से प्रत्येक कार्य में रुकावट तथा बाधाऐं बनती दिखाई पड़ेगी।ऋण को चुकाने में अनेक कठिनाईया आयेगी। धारदार वस्तु से चोट लगेगी। स्थान परिवर्तन होगा।

शुभ : 04, 06, 15, 17, 21,

अशुभ : 01, 09, 11, 13, 19, 24, 26, 29

**जुलाई:** आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। व्यवसाय एवं अन्य कार्यो में सफलता मिलेगी। महिलाओ के माध्यम से लाभ होगा। मित्रो तथा सहकर्मियो का सहयोग मिलेगा। प्रेम सम्बन्धो में सफलता मिलेगी। 07 जुलाई से मन संतप्त रहेगा। यात्राओ में असुविधा तथा हानि होगी। कार्य सुचारु रुप से न हो पाने का कष्ट रहेगा। खानपान बिगड़ेगा। 16 जुलाई से वरिष्ठो एवं सम्मानित व्यक्तियो का सानिध्य प्राप्त होगा। सज्जनो के माध्यम से लाभ होगा। किसी प्रतिष्ठितकार्य के सफलता पूर्वक सम्पन्न होने का आनन्द रहेगा। पदोन्नति होगी। पारिवारिक सुख समृद्धि रहेगी। पद प्रतिष्ठा, मान-सम्मान में वृद्धि होगी। स्वस्थ रहेगे।

शुभ : 01, 04, 12, 14, 18, 28, 31

अशुभ : 06, 08, 10, 16, 21, 23, 26,

**अगस्त:** थकान तथा निर्बलता के चलते कार्यो पर सुचारु रुप से ध्यान नही दे पायेगे। अपमानजनक स्थितियो का सामना करना पड़ेगा। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में परिवर्तन होगा। आर्थिक स्थिति निर्बल रहेगी। 17 अगस्त से प्रशासकीय सहयोग मिलेगा। रोगो से छुटकारा मिलेगा। घर -परिवार में सम्पन्न हो रहे आध्यात्मिक अथवा मांगलिक उत्सव से मन प्रसन्न रहेगा। वरिष्ठो का अनुग्रह रहेगा। मन में सात्विकता आयेगी। पदोन्ननति का अवसर मिलेगा। सम्बन्धो में प्रगाढ़ता आयेगी। व्यर्थ विवाद समाप्त होगे।

शुभ : 04, 09, 11, 15, 25, 27,

अशुभ : 02, 07, 13, 17, 20, 22, 29

**सितम्बर :** पारिवारिक सम्बन्धो में सुधार होगा। सुदूर स्थान की यात्रा होगी। पद प्रतिष्ठा मिलेगी। स्थान लाभ होगा। कार्य स्थल पर, रोजी रोजगार में सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा वर्ग में उन्नति होगी। प्रशासनिक सहयोग रहेगा। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। बन्धु बान्धवो तथा मित्रो से सम्बन्धो में सुधार होगा। आँखो तथा उदर सम्बन्धी रोगो से छुटकारा मिलेगा। 18 सितम्बर से कार्यस्थल पर कठिन परिस्थितियो से सामना पड़ेगा, जिनके निवारण के

VYAS PANCHANG

लिये अवांछित मार्ग अपनाकर मुसीबत मोल लेगे। किसी कार्यवश विदेश अथवा सुदूर स्थान की यात्रा होगी। कार्यो में असफलता से मन खिन्न रहेगा। अपौष्टिक पदार्थो- जंक फूड़ आदि से परहेज रखे।

शुभ : 01, 05, 11, 21, 23, 28,

अशुभ : 03, 07, 09, 14, 16, 18, 26, 30

**अक्तूबर:** शारीरिक पीड़ा, कष्ट, मानसिक व्यथा समाप्त होगी। स्वास्थय में सुधार होगा। शारीरिक अवस्था के अनुरुप थकावट, नेत्र रोग, रक्तचाप अथवा ह्रदय रोग का भय दूर होगा। पारिवारिक समस्याओ का समाधान होगा। घर परिवार का सुख मिलेगा। सज्जनो, मित्रो तथा सम्बन्धियो का सहयोग मिलेगा। धन मान-सम्मान मिलेगा। कार्यो में सफलता मिलेगी। सफल यात्राये होगी। स्वभाव में सौम्यता आयेगी। पारिवारिक वातावरण सुख शांति तथा मैत्रीपूर्ण रहेगा। योग्य व्यक्तियो का सन्तान प्राप्ति योग बनेगा। सामाजिक कार्यो में समय देगे।

शुभ : 02, 09, 18, 21, 25, 29

अशुभ : 04, 06, 11, 13, 16, 23, 27,

**नवम्बर :** भूमि-भवन से लाभ के लिये उत्तम समय है। भवन के किराये में वृद्धि से आय वृद्धि होगी। सहोदरो को लाभ होगा। स्वयं भी सहोदरो से लाभ प्राप्त करेगे। कोर्ट कचहरी के मामलो मे आपके इच्छित परिणाम प्राप्त होगे। चले आ रहे मुकद्दमो में विजय होगी। 16 नवम्बर से दुर्जन तथा निम्न स्तरीय व्यक्तियो से मेल मिलाप बढ़ेगा। स्वयं के विचारो में धूर्तता आयेगी। निकटस्थ व्यक्तियो से धोखा होगा। स्वभावगत कठोरता से बचकर रह सके तो सफल होगे। 22 नवम्बर से मन भोग विलास से हटेगा। शिक्षा तथा अध्ययन में अड़चने आयेगी। सन्तान सुख के लिये क्लीनिकल ट्रीटमेन्ट आवश्यक रहेगा। अविवाहितो के विवाह में अभी विलम्ब रहेगा। सुगन्धित द्रव्यो, श्रंगारिक वस्तुओ से हानि होगी।

शुभ : 05, 15, 22, 24, 26,

अशुभ : 01, 03, 07, 10, 12, 17, 20, 28, 30

**दिसम्बर :** धैर्य पूर्वक कार्य करते रहे। सफलता मिलेगी। प्रेमी युगलो के लिये समय अनुकूल नही है। महिलावर्ग से हानि होगी। किसी कार्य में महिलाओ के कारण असफलता मिलेगी। पुराने मित्रो तथा सहयोगियो से सम्पर्क बनेगे। भाग्योन्नति में अवरोध रहेगा। सुख सौभाग्य में बाधाओ का सामना करना पड़ेगा। विरोधी पक्ष प्रबल

VYAS PANCHANG

होगा। स्वास्थ्य में गिरावट आयेगी। मन में उल्लास, उमंग तथा प्रसन्नता का अभाव रहेगा। 22 दिसम्बर से परिश्रम तथा साहस का अच्छा फल मिलेगा। स्टार्टअप से लाभ होगा। नवीन अनुबंध होगे। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा।

शुभ : 02, 04, 07, 12, 14, 17, 19, 23, 29

अशुभ : 09, 21, 25, 27

VYAS PANCHANG